हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

15 JULY 2026, समय 18:10

<u>मुख्य समाचार :-</u>

1. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने समाज के व्यापक हित में आयुर्वेद में आधुनिक तकनीकों को अपनाने का आह्वान किया।

2. निर्वाचन आयोग ने हरियाणा में मतदाता सूची संशोधन के विशेष गहन पुनरीक्षण को 10 दिनों के लिए बढ़ाया ।

3. केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ में विशेष गहन पुनरीक्षण का गणना चरण संपन्न हुआ, चंडीगढ़ में मतदान केंद्रों की संख्या '614' से घटाकर '575' की गई।

4. हांसी जिले के गांव चानौत में पेयजल और पाइप लाइन में टी कनेक्शन की मांग को लेकर 61 दिनों से चला आ रहा धरना केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल के हस्तक्षेप के बाद समाप्त हुआ।

5. आज विश्व युवा कौशल दिवस के अवसर पर खेल राज्य मंत्री गौरव गौतम ने पांच सर्वोत्तम औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों को सम्मानित किया।

6. श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय में वृक्षारोपण अभियान शुरू हुआ।

======================

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने समाज के व्यापक हित में आयुर्वेद में आधुनिक तकनीकों को अपनाने का आह्वान किया है। आज नई दिल्ली में 'सौश्रुतम् 2026' के उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि केंद्र सरकार ने नई ऊर्जा के साथ आयुर्वेद और योग को वैश्विक स्तर पर स्थापित किया है। उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त की कि आयुर्वेदिक शल्य चिकित्सा की प्राचीन परंपरा को वैज्ञानिक मानकों पर स्थापित करने के प्रयास किए जा रहे हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि आयुष मंत्रालय आयुर्वेदिक स्वास्थ्य सेवा के वैश्विक मानकीकरण को मजबूत करने के लिए विश्व स्वास्थ्य संगठन के साथ मिलकर काम कर रहा है। उन्होंने युवाओं से आयुर्वेद के क्षेत्र में अपना योगदान देने का आग्रह किया।

(यहां उपस्थित युवा विद्यार्थियों तथा प्रोफेशनल लाइफ की शुरुआत कर रहे हैं शोधकर्ताओं से मैं यह कहना चाहूंगी कि आयुर्वेद का भविष्य आपके हाथों में है। आप सभी को जिज्ञासा, सत्यनिष्ठा और वैज्ञानिक दृष्टिकोण के साथ व्यवहारिक सोच और अपने क्षेत्र में श्रेष्ठ साक्ष्य निर्माण के मार्ग पर आगे बढ़ाना होगा)

राष्ट्रपति ने महिलाओं से आयुर्वेद के क्षेत्र में जुडने का आग्रह किया।
(आयुर्वेद चिकित्सा का अध्ययन करने वाली बेटियों की संख्या तो बढ़ रही है। लेकिन चिकित्सक बनने के बाद आयुर्वेद से जुड़े प्रोफेशन में बने रहने वाली महिलाओं की संख्या उस अनुपात में नहीं बढ रही। इन महिला चिकित्सकों आयुर्वेद से जुड़े प्रोफेशन में बने रहने और प्रगति की सीढ़ियां चढ सकने के सहयोग हो सकने वाले उपायों को सुझाया गया है। मुझे लगता है इतने ही सुझाने से पर्याप्त नहीं होगा, उसको अमल में लाने के लिए सबको सोचना होगा)

---------------------------------------------------

निर्वाचन आयोग ने हरियाण में मतदाता सूची संशोधन के विशेष गहन पुनरीक्षण - एसआईआर को और 10 दिनों के लिए बढ़ा दिया है। आयोग के संशोधित कार्यक्रम के अनुसार बूथ स्तरीय अधिकारी-बीएलओ अब घर-घर जाकर मतदाता सूची का निरीक्षण 24 जुलाई तक करेंगे,। यह पहले 14 जुलाई तक निर्धारित था। आयोग ने बताया कि मतदाता सूची का मसौदा 31 जुलाई को प्रकाशित किया जाएगा। अंतिम मतदाता सूची 3 अक्तूबर को जारी होगी। दावे और आपत्तियां 30 अगस्त तक दर्ज की जा सकेंगी।

-------------------------------------

केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ की मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रेरणा पुरी ने कहा है कि विशेष गहन पुनरीक्षण - एस आई आर का गणना चरण सफलतापूर्वक संपन्न हो गया है। प्रारूप निर्वाचक नामावली 21 जुलाई 2026 को प्रकाशित की जाएगी।
आज चंडीगढ़ में एक पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार गणना चरण 15 जून से 14 जुलाई तक संचालित किया गया। इस दौरान व्यापक क्षेत्रीय सत्यापन तथा नागरिकों की सक्रिय भागीदारी के माध्यम से निर्वाचक नामावली का सत्यापन एवं अद्यतन किया गया।
मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि गणना चरण के दौरान कुल 5,16,427 पंजीकृत मतदाताओं को कवर किया गया। बूथ लेवल अधिकारियों द्वारा सभी पंजीकृत मतदाताओं को 100 प्रतिशत गणना प्रपत्र वितरित किए गए। इनमें से 4,50,246 गणना प्रपत्र प्राप्त कर डिजिटाइज किए गए, जबकि 66,146 प्रपत्र बीएलओ द्वारा बार-बार संपर्क करने के बावजूद प्राप्त नहीं हो सके।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि प्रारूप निर्वाचक नामावली मुख्य निर्वाचन अधिकारी, चंडीगढ़ की वेबसाइट तथा ईसीआईनेट प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध होगी। 21 जुलाई से 18 सितंबर के दौरान बिना मैपिंग विवरण के गणना प्रपत्र जमा करने वाले लगभग 69,451 मतदाताओं तथा जिन मामलों में किसी प्रकार की विसंगति पाई जाएगी, उन्हें आगे सत्यापन के लिए नोटिस जारी किए जाएंगे।

उन्होंने यह भी बताया कि मतदान केंद्र युक्तिकरण के अंतर्गत चंडीगढ़ में मतदान केंद्रों की संख्या 614 से घटाकर 575 कर दी गई है।

---------------------------------------------

हांसी जिले के गांव चानौत में पेयजल और टी कनेक्शन की मांग को लेकर गत 61 दिनों से चला आ रहा धरना केन्द्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल के हस्तक्षेप के बाद आज समाप्त हो गया। उनकी मौजूदगी में सरकार और धरना समिति के बीच 4 इंच के वैकल्पिक टी कनेक्शन पर सहमति बनी।

श्री मनोहर लाल ने बताया कि चानौत के लोगों को हांसी शहर के लिए बिछाई जा रही मुख्य पाइपलाइन में गांव के लिए 4 इंच का एक वैकल्पिक टी-कनेक्शन दिया जाएगा। जब भी गांव को पानी की किल्लत होगी इस टी-कनेक्शन से पानी उपलब्ध कर दिया जाएगा।

-----------------------------------------------------------

हरियाणा के खेल, युवा, सशक्तिकरण और उद्यमिता राज्य मंत्री गौरव गौतम ने आज विश्व युवा कौशल दिवस के अवसर पर पंचकूला में आयोजित समारोह में पांच सर्वोतम औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों को सम्मानित किया ।

पत्रकारों से बातचीत में खेल राज्य मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा देश और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा हरियाणा प्रदेश के युवाओं के लिए कौशल प्रशिक्षण शुरू की हुई है। प्रदेश का युवा इन योजनाओं से लाभान्वित हो रहा है। इन योजनाओं की उपलब्धियों को लेकर युवा संवाद पत्रिका भी जारी की गई है।

उन्होंने कहा कि पीएम सेतु के माध्यम से अलग-अलग आईटीआई को बड़ी बड़ी औद्योगिक इकाइयों से जोड़कर उनके अनुसार कुशल युवा तैयार करेंगे ताकि उन्हें तुरंत रोजगार मिल सके। इस संबंध में एक ब्लूप्रिंट तैयार किया गया है।

--------------------------------------------

विश्व युवा कौशल दिवस के अवसर पर आज पलवल के श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय में एक वृक्षारोपण अभियान शुरू किया गया। विश्वविद्यालय की कुलसचिव सुमन वशिष्ठ ने पौधारोपण कर अभियान का शुभारंभ किया। इस मुहिम के तहत परिसर में कुल एक हज़ार पौधे लगाए जाएंगे, जो 'हील द ग्लोब फाउंडेशन' के सहयोग से उपलब्ध कराए गए हैं। कुलसचिव ने बताया कि विश्वविद्यालय का लक्ष्य एक हरित परिसर विकसित करना है।

---------------------------------------------------------------

पलवल के होडल न्यायिक परिसर में अधिवक्ताओं के लिए 58 आधुनिक चैंबरों का निर्माण होगा। पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के कार्यकारी मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति अश्विनी कुमार मिश्रा ने आज वर्चुअल माध्यम से इस परियोजना की आधारशिला रखी। बार एसोसिएशन के अध्यक्ष कपिल देव सोरोत ने बताया कि इस नई सुविधा से अधिवक्ताओं को बेहतर कार्य वातावरण मिलेगा, जिससे न्यायिक कार्यों में दक्षता आएगी और वादकारियों को भी बेहतर अनुभव प्राप्त होगा।

---------------------------------------------------------------

पंचकूला जिला रोजगार कार्यालय 17 जुलाई को एक विशेष रोजगार मेले का आयोजन करेगा। सहायक जिला रोजगार अधिकारी कविता जोशी ने कहा है कि यह मेला नए लघु सचिवालय में सुबह 10 बजे आयोजित होगा। इस मेले में एलआईसी, एनआईआईटी और कोर 5 सिस्टम्स जैसी प्रमुख कंपनियां हिस्सा लेंगी।

दसवीं, बारहवीं, स्नातक, स्नातकोत्तर, डिप्लोमा और आईटीआई पास कोई भी इच्छुक उम्मीदवार इस मेले में भाग ले सकते हैं।

==================================================